Ontario Health
Cancer Care Ontario

# समाचारपत्र सामग्री ब्लॉक

मरीजों/जनता, और या वेबसाइट के लिए समाचारपत्र, ढेर सारे ईमेल के लिए सामग्री के लिए निम्नलिखित का उपयोग करें और अनुकूलित करें।

## शीर्षक सिफारिशें

**कैंसर स्क्रीनिंग की महत्वत्ता**
**कैंसर की जांच करवाना**
**अपने कैंसर स्क्रीनिंग के शीर्ष पर बने रहना**

## 100 या उससे कम शब्द

अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखना बेहद जरुरी है। उन लोगों की कैंसर स्क्रीनिंग की जांच की जाती है जिन्हें कैंसर होने का खतरा होता है, लेकिन उनमें कोई लक्षण नहीं होते हैं और वो आमतौर पर ठीक महसूस करते हैं। नियमित स्क्रीनिंग जरूरी है क्योंकि जब उपचार के काम करने या लोगों को कुछ तरह के कैंसर होने से रोकने में मदद करने का बेहतर मौका होता है, तो इससे कैंसर का जल्दी पता लगाया जा सकता है।

अपने पारिवारिक डॉक्टर या नर्स प्रैक्टिशनर से इस विषय में बात करें कि आपके लिए कौन-सा स्क्रीनिंग टेस्ट करवाना सही है। यदि आपका कोई पारिवारिक डॉक्टर या नर्स प्रैक्टिशनर नहीं है, तो आप हेल्थ कनेक्ट ऑंटारियो को 811 (TTY: 1-866-797-0007) पर कॉल करे या यहां पर जाएं।

## 150 या उससे कम शब्द

अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखना बेहद जरूरी है। नियमित स्क्रीनिंग जरूरी है क्योंकि जब उपचार के काम करने या लोगों को कुछ तरह के कैंसर होने से रोकने में मदद करने का बेहतर मौका होता है, तो इससे कैंसर का जल्दी पता लगाया जा सकता है। जिन्हें कैंसर होने का खतरा होता है उन लोगों की कैंसर की जांच की जाती है, लेकिन जिनमें कोई लक्षण नहीं होते हैं और वो आमतौर पर ठीक महसूस करते हैं। अपने पारिवारिक डॉक्टर या नर्स प्रैक्टिशनर से इस विषय में बात करें कि आप किस स्क्रीनिंग टेस्ट के लिए उपयुक्त हैं। यदि आपके पास कोई पारिवारिक डॉक्टर या नर्स प्रैक्टिशनर नहीं है, तो आप हेल्थ कनेक्ट ऑंटारियो को 811 (TTY: 1-866-797-0007) पर कॉल करे या यहां पर जाएं।

ऑंटारियो के पास चार कैंसर स्क्रीनिंग प्रोग्राम हैं: ऑंटारियो ब्रेस्ट स्क्रीनिंग प्रोग्राम, ऑंटारियो सर्वीकल स्क्रीनिंग प्रोग्राम, कोलन कैंसर चेक और ऑंटारियो लंग स्क्रीनिंग प्रोग्राम।

## 200 या उससे कम शब्द

उन लोगों की कैंसर स्क्रीनिंग की जांच की जाती है जिन्हें कैंसर होने का खतरा होता है, लेकिन उनमें कोई लक्षण नहीं होते हैं और वो आमतौर पर ठीक महसूस करते हैं। नियमित स्क्रीनिंग जरूरी है क्योंकि जब उपचार के काम करने या लोगों को कुछ तरह के कैंसर होने से रोकने में मदद करने का बेहतर मौका होता है, तो इससे कैंसर का जल्दी पता लगाया जा सकता है।

**सर्वीकल स्क्रीनिंग**

- गर्भाशय वाला कोई भी व्यक्ति जो यौन रूप से सक्रिय है या पहले कभी रहा है, उसे सर्वीकल कैंसर हो सकता है। सर्वीकल स्क्रीनिंग टेस्ट शुरू करने से पहले कैंसर के लक्षणों की जांच की जाती है
- सर्वीकल कैंसर को रोकने में सहायता करने के लिए जाँच करवाने के बारे में अपने डॉक्टर, नर्स प्रैक्टिशनर या दाई से वार्तालाप करें*

**स्तन कैंसर स्क्रीनिंग**

- यदि आपकी उम्र 50 या उससे अधिक है, तो अपने पारिवारिक डॉक्टर या नर्स प्रैक्टिशनर से अपने स्तन के स्वास्थ्य और स्क्रीनिंग टेस्ट के विकल्पों के संबंध में वार्तालाप करें*

**कोलन कैंसर चेक**

- 50 से 74 वर्ष की उम्र के लोगों को कोलन कैंसर की जाँच करवानी चाहिए, भले ही उनके परिवार में कभी किसी को यह बीमारी न हुई हो
- अपने पारिवारिक डॉक्टर या नर्स प्रैक्टिशनर से इस विषय में बात करें कि कोलन कैंसर की जाँच के लिए घर पर मुफ़्त परीक्षण किस तरह से प्राप्त करें*

*यदि आपके पास कोई पारिवारिक डॉक्टर या नर्स प्रैक्टिशनर नहीं है, तो आप हेल्थ कनेक्ट ऑंटारियो को 811 (TTY: 1-866-797-0007) पर कॉल करे या यहां पर जाएं।

## 250 या उससे कम  शब्द - स्क्रीनिंग योग्यता

**ऑंटारियो कैंसर स्क्रीनिंग योग्यता**

**ऑंटारियो सर्वीकल  स्क्रीनिंग प्रोग्राम**

- वर्तमान में, ऑंटारियो सर्वीकल  स्क्रीनिंग प्रोग्राम सलाह देता है कि गर्भाशय वाला कोई भी व्यक्ति जो यौन रूप से सक्रिय है या रहा हो, 21 वर्ष की आयु से हर 3 साल में एक सर्वीकल  स्क्रीनिंग टेस्ट करवाता है। हालांकि, हम इस सलाह को अपडेट करने की प्रक्रिया में हैं। यदि आपकी उम्र 25 वर्ष से कम है, तो अपने पारिवारिक  डॉक्टर, नर्स प्रैक्टिशनर या दाई  से इस बारे में बात करें कि क्या आपको सर्वीकल  स्क्रीनिंग* शुरू करने से पहले 25 वर्ष की उम्र तक का इंतज़ार करना चाहिए।

**कोलन कैंसर चेक**

- 50 से 74 वर्ष की उम्र के लोगों को कोलन कैंसर की जाँच करवानी चाहिए, भले ही उनके परिवार में किसी को भी यह बीमारी नहीं हुई हो। कोलन कैंसर की जांच कराने मे, यह तय करने के लिए कि आपके लिए कौन सा स्क्रीनिंग टेस्ट सबसे अच्छा है, अपने पारिवारिक  डॉक्टर या नर्स प्रैक्टिशनर से बात करें*। यदि आप योग्य हैं, तो आप अपनी पसंद के पते पर मेल द्वारा एक मुफ्त  घर-के  लिए  टेस्ट पा सकते है जिसे फेकल इम्यूनोकेमिकल टेस्ट (FIT) कहा जाता हैं।

**ऑंटारियो ब्रेस्ट स्क्रीनिंग प्रोग्राम**

- यदि आपकी उम्र 50 से 74 वर्ष है, तो ऑंटारियो ब्रेस्ट स्क्रीनिंग प्रोग्राम (OBSP) सलाह देता है कि आपके आयु ग्रुप के अधिकांश लोगों को हर 2 साल में मैमोग्राम करना चाहिए।
- यदि आपकी आयु 30 से 69 वर्ष है और उच्च जोखिम OBSP के लिए योग्यता मानक को पूरा करते हैं, तो कार्यक्रम सलाह देता है कि आप वर्ष में एक बार मैमोग्राम और स्तन मैग्नेटिक रेसोनेंस इमेजिंग (MRI) दोनों के साथ जांच करवाएं (या MRI चिकित्सकीय रूप से उपयुक्त नहीं होने पर स्तन अल्ट्रासाउंड स्क्रीनिंग)
- यदि आप 30 से 69 वर्ष के हैं और आपको लगता है कि आपके निजी या पारिवारिक  इतिहास के आधार पर आपको स्तन कैंसर होने का उच्च जोखिम हो सकता है, तो आपको अपने पारिवारिक  डॉक्टर या नर्स प्रैक्टिशनर* से बात करनी चाहिए।

*यदि आपके पास कोई पारिवारिक  डॉक्टर या नर्स प्रैक्टिशनर नहीं है, तो आप हेल्थ कनेक्ट ऑंटारियो को 811 (TTY: 1-866-797-0007) पर कॉल करे या यहां पर जाएं।